# अंतर्राष्ट्रीय कंपनी सचिव ओलंपियाड मुस्कान व हर्षित विजेता



नवज्योति/कोटा

भर्तीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) ने पिछले साल ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए पहली बार सीएस ओलंपियाड का सफलतापूर्वक आयोजन किया। प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय कंपनी सचिव ओलंपियाड का आयोजन वर्ष 2016 में 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए भारत और विदेश में मैसर्स एसओएफ के सहयोग से आयोजित की गई थी। जिसमें 1400 से अधिक स्कूल और 36000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। आईसीएसओ के अंतर्राष्ट्रीय टॉपर्स और क्षेत्रीय रैंक धारकों के लिए लाखों के पुरस्कार दिए गए। विनय कुमार मिश्रा चेयरमेन कोटा चेप्टर ने कहा कि सीएस ओलंपियाड की स्थापना छात्र समुदाय और प्रशासन के क्षेत्र में अपनी क्षमता की खोज के लिए छात्र समुदाय को सक्षम करने और शिक्षा की अपनी धारा चुनने के लिए उनकी रूचि की पहचान करने के उद्देश्य से की गई है। राजू कुमार चेप्टर इंचार्ज ने बताया कि प्रथम आईसीएसओ का नतीजा नवंबर 2016 में घोषित किया गया। जिसमें एमएस हरिणी बी तिरूनेलवेली, तमिलनाडु 12वीं कक्षा और मुस्कान यादव नारनौल हरियाणा 11वीं कक्षा ने प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय रैंक हासिल किया। जबकि कोटा से डीएवी पब्लिक स्कूल तलवंडी के हर्षित जैन ने राजस्थान जोन में पहला स्थान प्राप्त किया।